In adition to the above IFC has also been providing financial assistance to the following transmission and distribution projects.

1. T&D Project in Maharashtra TCE Plus BSES

2. Bhira-Dharvi Trans. System Maharashtra TCE

132 KV Trans. Augmentation Projcet CESC

डीजल आधारित विद्युत परियोजनाओं की स्थापना

2/33. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में, विशेषत: गुजरात में, संयुक्त अथवा सरकारी क्षेत्र में डीजल आधारित विद्युत परियोजनाओं की स्थापना करने से सम्बन्धित किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) प्रस्तावित परियोजनाओं की अनुमानित लागत तथा विद्युत उत्पादन क्षमताओं का ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) से (ग) सार्वजनिक क्षेत्र में राज्यों द्वारा कार्यान्वयन हेतु हाल ही में स्वीकृत/तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृत/वर्तमान में जांचाधीन डीजल आधारित विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नलिखित है :—

स्कीम/स्थल का नाम	क्षमता (मे.वा.)	अनुमानित लगता (करोड रु. में)
क. स्वीकृत/निनर्माणाधीन		
1. येलाहांका, कर्नाटक में डीजी संयंत्र	6×20=120	282.95
2. कोलार, विदर, जामखंडी एवं इंदी कर्नाटक स्थित डीजी संयंत्र (चारों स्थानों पर 19.44 मे. वा. प्रत्येक	12×6.48=77.76	156.92
3. ब्रह्मपुरम केरल स्थित डीजी संयंत्र	5×20=100	281.00
ख. के०वि० प्रा० द्वारा तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृत :		
1. कसारगोड़ा स्थित डीजी संयंत्र	3×20=60	178.00
ग. के० वि० प्रा० में जांचाधीन स्कीम		
1. कोझीकोड़े स्थित डीजी संयंत्र केरल	9×14=126	415.54

गुजरात राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र में या देश में संयुक्त क्षेत्र में डीजल आधारित विद्युत परियोजना को अधिष्ठापित किए जाने का कोई प्रस्ताव स्वीकृति हेतु लंबित नहीं है ।